Australian Government

myagedcare

अपने आकलन का परिणाम प्राप्त करें | गृह देखभाल प्रदाताओं के बारे में पता लगाएँ और शुल्कों की गणना करें | गृह देखभाल पैकेज प्राप्त करें | **गृह देखभाल समझौते में प्रवेश करें** | अपनी सेवाओं का प्रबंधन करें

# गृह देखभाल समझौते में प्रवेश करना – विचार और जाँचसूची

| किन बातों पर विचार करना चाहिए | क्यों |
|---|---|
| आपके गृह देखभाल समझौते में क्या शामिल है | आपका गृह देखभाल समझौता यह निर्धारित करता है कि आपकी सेवाएँ कैसे प्रदान की जाएँगी, उन्हें कौन प्रदान करेगा, और उनकी कीमत क्या होगी। आपके समझौते में निम्नलिखित शामिल होंगे:<br>• देखभाल योजना – जिसमें आपको अपने व्यक्तिगत लक्ष्यों और प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए अपने पैकेज के तहत प्राप्त होने वाली सेवाओं की रूपरेखा दी जाएगी<br>• व्यक्तिगत बजट – जिसमें आपके पैकेज में उपलब्ध धनराशि और इसे कैसे खर्च किया जाएगा, इसकी रूपरेखा दी जाएगी।<br>यदि आपकी देखभाल की आवश्यकताएँ समय के साथ बदल जाती हैं, तो देखभाल योजना या शुल्क में परिवर्तन को प्रतिबिंबित करने के लिए आपकी देखभाल योजना और बजट को अद्यतन किया जाना चाहिए। |
| आपका व्यक्तिगत (गृह देखभाल पैकेज) बजट | यह देखने के लिए प्रदाता के साथ अपने गृह देखभाल पैकेज बजट पर चर्चा कीजिए कि आप किन सेवाओं का खर्च उठा सकते/सकती हैं।<br>आपका गृह देखभाल पैकेज बजट निम्नलिखित से बना हुआ होता है:<br>• सरकारी छूट (और पात्र संपूरक)<br>• बुनियादी दैनिक शुल्क, जिसका भुगतान करने के लिए गृह देखभाल पैकेज प्राप्त करने वाले सभी लोगों को कहा जा सकता है। यह एक ऐसा शुल्क होता है जो आपके और आपके प्रदाता के बीच बातचीत के ज़रिए तय किया जाता है<br>• आपका आय परीक्षित देखभाल शुल्क। आपको इसका भुगतान अपनी निर्धारणीय आय के आधार पर करना पड़ सकता है (यदि आपने 1 जुलाई 2014 के बाद गृह देखभाल समझौते में प्रवेश किया हो, तो)<br>• ऐसी कोई भी अन्य राशि, जिसका भुगतान करने के लिए आप सहमत हुए/हुई हों। |
| क्या प्रदाता प्रशासन फीस भी लागू करेगा? ये क्या कवर करती हैं? | प्रत्येक प्रदाता के देखभाल और सेवाएँ प्रदान करने के साथ जुड़े प्रशासन शुल्क होंगे। वे शुल्क क्या हैं और आपसे कितना शुल्क लिया जाएगा - इसके बारे में स्पष्ट रहें। इन शुल्कों को अलग-अलग प्रदाताओं द्वारा अलग-अलग नामों से बुलाया जा सकता है, इसलिए प्रत्येक शुल्क क्या कवर करता है, इसके बारे में स्पष्टीकरण के लिए पूछें। उदाहरण के लिए, इन्हें मामला प्रबंधन या मूलभूत सलाहकार फीस के रूप में सूचीबद्ध किया जा सकता है। |
| अगर मैं प्रदाता बदलता/बदलती हूँ, तो क्या मुझे किसी फीस का भुगतान करने की आवश्यकता होगी? | प्रदाता खर्च की गई प्रशासन कीमतों को कवर करने के लिए एक निकासी शुल्क लागू कर सकते हैं।<br>यह स्पष्ट कर लें कि यदि आप प्रदाता बदलने का निर्णय लेते/लेती हैं, तो वे कितना निकासी शुल्क (अगर कोई हो, तो) लागू करेंगे और अनुबंध की न्यूनतम अवधि कितनी होगी। आपके प्रदाता के लिए आपके गृह देखभाल समझौते में निकासी शुल्क का खुलासा करना अनिवार्य है और आप My Aged Care की वेबसाइट **www.myagedcare.gov.au** पर इस धनराशि को देख भी सकते/सकती हैं। |

| | |
|---|---|
| मेरे विवरण में क्या जानकारी शामिल होगी? | आपको मासिक विवरण प्राप्त होंगे जिनमें यह दर्शाया जाएगा कि आपके गृह देखभाल पैकेज के बजट को कैसे खर्च किया जा रहा है। विवरण में आपके पैकेज के लिए आय और व्यय, तथा खर्च न की गई किसी भी गृह देखभाल धनराशि को दर्शाया जाएगा, इसलिए आप अपने खर्च पर नज़र रख सकते/सकती हैं।<br><br>खर्च न की गई किसी भी गृह देखभाल धनराशि को उतने समय तक एक महीने से दूसरे महीने, और एक वर्ष से दूसरे वर्ष तक आगे बढ़ाया जाएगा जब तक आप पैकेज के तहत देखभाल प्राप्त करना जारी रखेंगे/रखेंगी। यदि आपको इस बारे में और अधिक जानकारी चाहिए कि आपको विवरण कैसे प्राप्त होगा, तो अपने प्रदाता के साथ इस बारे में चर्चा करें। |
| यदि मुझे अपने गृह देखभाल समझौते को समझने में सहायता की आवश्यकता हो, तो? | यदि आपको अपने गृह देखभाल समझौते, बजट और योजना के विकास में सहायता के लिए एक दुभाषिए की ज़रूरत हो, तो आपको अपने प्रदाता से अनुवाद और दुभाषिया सेवा (टीआईएस राष्ट्रीय) के साथ समय की व्यवस्था करने के लिए पूछना चाहिए। टीआईएस टेलीफोन या स्थल पर 100 से भी अधिक भाषाओं में दुभाषिया सेवाएँ उपलब्ध कराती है। इनका उपयोग अपने प्रदाता के साथ अपने गृह देखभाल समझौते के विवरण को विकसित या संशोधित करने के लिए काम करते समय नि:शुल्क होता है। |
| क्या मैं अपने गृह देखभाल अनुबंध की शर्तों को समझता/समझती हूँ? | आपके प्रदाता की यह एक जिम्मेदारी है कि वह आपको अपने गृह देखभाल समझौते की शर्तों को समझने में मदद करे और यह महत्वपूर्ण है कि आप अपने समझौते पर हस्ताक्षर करने से पहले इसमें निहित जानकारी के साथ खुश और सुरक्षित हों।<br><br>इसे ध्यान से पढ़ें। सवालों और चिंताओं की एक सूची बनाएँ और अपने प्रदाता के साथ इनके बारे में चर्चा करने से पहले किसी दोस्त, परिवार के सदस्य, देखभालकर्ता या वकील के साथ इनके ऊपर चर्चा करें। अगर आप चाहें, तो आप स्वतंत्र कानूनी सलाह भी प्राप्त कर सकते/सकती हैं।<br><br>जब आप समझौते की सामग्री के साथ खुश हों, तो आप इस पर हस्ताक्षर कर सकते/सकती हैं और यह आपकी सेवाओं को प्राप्त करना शुरू करने के लिए एक अनुबंध हो जाएगा। |
| क्या मैं अपने गृह देखभाल समझौते को बदल सकता/सकती हूँ? | यह आपका गृह देखभाल समझौता है, इसलिए आप किसी भी समय अपने प्रदाता के साथ इसमें परिवर्तन के बारे में बात कर सकते/सकती हैं। आपके समझौते की शर्तों में कोई भी परिवर्तन आपके प्रदाता के साथ आपसी सहमति के अधीन है। इस प्रक्रिया के बारे में अपने प्रदाता के साथ बात करें। |

## जाँचसूची

- ☐ इस बात की पुष्टि करें कि आपकी सेवाओं को कौन उपलब्ध कराएगा, और इन्हें कितनी बार और कहाँ उपलब्ध कराया जाएगा।
- ☐ अपने प्रदाता को अपने समर्थन की योजना और अपनी आय के आकलन का परिणाम उपलब्ध कराएँ।
- ☐ अपनी सेवाओं की डिलीवरी के साथ जुड़ी फीस और शुल्कों को स्पष्ट करें।
- ☐ अपनी आवश्यकताओं और देखभाल की ज़रूरतों को पूरा करने वाली योजना बनाने के लिए अपने प्रदाता के साथ काम करें।
- ☐ परिवार के किसी सदस्य, देखभाल प्रदाता, दोस्त या वकील के साथ अपने गृह देखभाल समझौते की समीक्षा करें। यदि आप चाहें, तो आप स्वतंत्र कानूनी सलाह भी प्राप्त कर सकते/सकती हैं।
- ☐ अपने गृह देखभाल समझौते पर हस्ताक्षर करें और सेवाएँ प्राप्त करना शुरू करें।



11694 November 2016